हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025

06 स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ आरोन में किया...



07 चंदेरी कला, इतिहास और पर्यटन की नगरी है इसके गौरव को...





## समाचार संक्षेप

### गोविंद गार्डन कालोनी वार्ड क्र.29 के सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत रूप से प्रारम्भ



**गुना।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आदेश अनुसार नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा शुक्रवार को गुनिया नदी की निर्धारित जगह छोड़कर गोविन्द गार्डन कालोनी वार्ड क्र.29 के सी.सी. रोड निर्माण कार्य को विधिवत रूप से प्रारम्भ करा दिया गया। जिससे लम्बे समय से चली आ रही कालोनी वासियों की समस्या का निदान हो जावेगा । कालोनी वासियो के आवग़म की समस्या से निजात मिलेगी उक्त सड़क के निमार्ण कार्य की लागत राशी रूपये 22 लाख है । उक्त कार्य में विलम्व का कारण गुनिया नदी के सीमांकन के कारण हुआ उक्त स्थान को छोड़कर निमार्ण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया। न.पा. अध्यक्ष ने निमार्ण कार्य ऐजेन्सी को गुणवत्ता पूर्वक निमार्ण सम्पादित करने के निर्देश दिये । इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि शिवनारायण कुशवाह, नगर पालिका के सहायक यंत्री शैलेन्द्र , उपयंत्री रामवीर शर्मा , उपयंत्री सुनील जैन ठेकेदार भूपेन्द्र शर्मा सहित महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### शहर के लिए जलप्रदाय योजना राशि 48.75 करोड रुपए का भूमि पूजन आज

**गुना।** सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 29 नवम्बर को सिंध नदी से गुना शहर के लिए जलप्रदाय योजना राशि 48.75 करोड रुपये का भूमि पूजन किया जा रहा है, जिससे शहर वासियों को आगामी वर्ष 2050 तक पेयजल की आपूर्ति की जाएगी । साथ ही संयुक्त एस डी एम कार्यालय भवन ,लागत 8.35 करोड़ रुपये तथा संयुक्त तहसील कार्यालय भवन ,लागत 7.96 रुपये का लोकार्पण किया जा रहा है।

गुना रचने जा रहा इतिहास... केंद्रीय मंत्री सिंधिया करेंगे लोकार्पण

# गुना-अशोकनगर शिवपुरी जिले के पहले पत्रकार भवन का होगा लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर की क्षेत्रीय पत्रकारिता को नई दिशा एवं मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा आगामी 29 नवंबर को नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण किया जाएगा। यह आयोजन पत्रकारिता जगत के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा करेंगे, जबकि विशिष्ट के रूप में पूर्व मंत्री महेन्द्र सिसौदिया मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द धाकड़, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना एवं नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।



### कार्यक्रम का महत्व

इस लोकार्पण से क्षेत्र के पत्रकारों को एक सशक्त, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक संसाधनों से युक्त कार्यस्थल प्राप्त होगा, जो संवाद, विचार-विमर्श और पत्रकारिता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पत्रकार भवन क्षेत्रीय मीडिया के लिए एक नई पहचान स्थापित करेगा और समसामयिक मुद्दों पर बेहतर समन्वय का मंच भी प्रदान करेगा।

### इन क्षेत्रों के पत्रकार रहेंगे उपस्थित

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गुना तहसील, अशोकनगर, मधुसूदनगढ़, चाचौड़ा, बीनागंज, आरोन, राघौगढ़, राजगढ़, शिवपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों के पात्र, वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकार गण बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में पत्रकारिता से जुड़े विविध मुद्दों पर चर्चा सुझाव और संवाद का सत्र भी प्रस्तावित है। पत्रकार भवन का लोकार्पण न केवल एक औपचारिक आयोजन होगा, बल्कि यह क्षेत्र के पत्रकारों के लिए नए अवसरों, नई ऊर्जा और नई दिशा का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह भवन संवाद के लोकतांत्रिक मूल्य को मजबूत करेगा और मीडिया जगत को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### कुशवाह समाज की धर्मशाला व पाठशाला का भी होगा भूमिपूजन

श्रीरामजानकी नवीन मंदिर पुरानी छावनी कुशवाह समाज की धर्मशाला एवं पाठशाला का भूमिपूजन भी 29 नवंबर को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कर कमलों से होगा। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत सिंह कुशवाह श्रीरामजानकी नवीन मंदिर समिति एवं कुशवाह समाज धर्मशाला एवं पाठशाला ट्रस्ट करेंगे

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सिरसी हाथीकुंदन मार्ग और खोकर पुल का किया लोकार्पण

**गुना।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अपने प्रवास के तीसरे दिन शुक्रवार को गुना के ग्रामीण क्षेत्र में सिरसी–हाथीकुंदन मार्ग तथा निवारी नदी पर बने खोकर पुल का लोकार्पण किया। ग्रामीण संपर्क, यातायात सुगमता और आपातकालीन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए बनी ये दोनों परियोजनाएँ अब क्षेत्र के हजारों नागरिकों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाएँगी। सिंधिया ने कहा कि यह सुविधाएं इस क्षेत्र के 16 हजार से अधिक नागरिकों को लाभ प्रदान करेंगी और इन 26 गांवों के भविष्य की नींव अब मजबूत हो गई है।सिरसी–हाथीकुंदन मार्गः 458 ग्रामीणों को मिली 12 माह की निर्बाध सड़क सुविधाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि सिरसी–हाथीकुंदन मार्ग भले 0.70 किमी की लंबाई का है, लेकिन इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। 0.52 करोड़ की लागत से निर्मित इस सड़क ने वर्षों पुरानी समस्या समाप्त कर दी है, जिसमें हाथीकुंदन के 450 से अधिक ग्रामीणों को बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण 6 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। अब यह मार्ग वर्षभर खुला रहेगा, जिससे किसानों के लिए परिवहन सुगम होगा, छात्रों और शिक्षक समय पर विद्यालय पहुँच सकेंगे, व्यापारियों और कामगारों का समय व संसाधन बचेगा और बरसात में आवागमन बंद होने की समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी। सिंधिया ने कहा यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन में गति, सुविधा और सम्मान वापस लाने का कार्य है। यह विकास की नई रफ्तार है।26 गांवों और 16,000 लोगों के लिए स्थायी राहत बनेगा खोकर पुलइसके बाद मंत्री सिंधिया ने निवारी नदी पर बने नए खोकर पुल का लोकार्पण किया, जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पुरानी पुलिया बरसात में घंटों जलमग्न रहती थी, जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुँचना कठिन होता था, एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएँ बाधित होती थी, किसानों की दैनिक आवागमन में भारी परेशानी होती थी और पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ ठप हो जाती थीं। लेकिन अब नए 8×15 मीटर स्लैब कलवर्ट और 120 मीटर पुल के निर्माण से 26 गांव पहली बार बारहमासी सड़क सुविधा से जुड़े हैं। यह पुल रोजगार, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति देने वाला साबित होगा।सिंधिया ने कहा यह पुल केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि 16,000 से अधिक जीवन को जोड़ने वाली जीवनरेखा है। अब न बारिश की चिंता होगी, न रुकावटों की। यह विकास का स्थायी पुल है।



केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ और आधुनिक 'गुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स' का किया लोकार्पण

# खेल में नित नए आयाम रच रहा मध्य प्रदेशः सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने गुना प्रवास के तीसरे दिन शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया और 16.93 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक बहुउद्देश्यीय गुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। सिंधिया ने इसे गुना के युवाओं और इस क्षेत्र के भविष्य में सबसे बड़ा निवेश बताया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिलों की सौगात भी दी। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की प्रतिभाओं से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने विश्व कप विजेता खिलाड़ी क्रांति गौड़ पर गर्व जताते हुए कहा कि क्रांति इस तथ्य का प्रमाण है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। ऊर्जा, अनुशासन और जन-भागीदारी का उत्सव है सांसद खेल महोत्सवकेन्द्रीय मंत्री ने सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों से हजारों खिलाड़ी पहुँचे। महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, क्रिकेट, लंबी कूद, लागोरी( सितोलिया) और फ्रीस्टाइल रेस सहित कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का परीक्षण नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और सकारात्मकता का निर्माण करते हैं। जिले के खेल परिदृश्य में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बनेगा 'गुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स'केंद्रीय मंत्री ने 6.57 हेक्टेयर भूमि पर 16.93 करोड़ की लागत से बने आधुनिक गुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। सिंधिया ने दोहराया जनसेवा और युवा सशक्तिकरण का संकल्पअपने संबोधन में सिंधिया ने कहा कि गुना मेरे लिए किसी निर्वाचन क्षेत्र से अधिक है, यह मेरा परिवार है। उन्होंने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS), खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने गुना की जनता को आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फ़ोन से बाहर निकलकर खेलकूद के मैदान में आएं, क्योंकि इससे उनकी बौद्धिक क्षमता और प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतग्रत वार्ड क्रमांक 21 निवासी मिथुन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अस्पताल चैराहे से उसकी काले रंग की बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एमडी 0260 है उसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ईसागढ निवासी भूपेन्द्र सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बुलेरो पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के देहात थोन के अंतर्गत मोती मोहल्ला निवासी राहुल बालू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ईसागढ़ रोड पर महाना तिराहे के अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए लखन बाल्मीक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए हैं। जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने हल्की बाई आदिवासी निवासी सिंहपुर चाल्दा के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कचनार थाने की पुलिस ने कल्ला कुशवाह निवासी खजूरिया कला के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात थाने की पुलिस ने मुल्लाखेडी निवासी बलविंदर सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का किया सम्मान




**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर द्वारा जनसुनवाई कक्ष में किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माह नवम्बर 2025 में होने वाले 13 शासकीय सेवकों का सम्मान किया गया। साथ ही माह अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए 07 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल खंतवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी ने किया। 28 नवंबर फोटो न.06 सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई दी गई।

### देवेश ओझा बने श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश मंत्री

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा में श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन की नव घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में शाढ़ौरा के युवा समाजसेवी एवं पत्रकार देवेश ओझा को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारियों से परामर्श के उपरांत की गई। देवेश ओझा की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से शाढ़ौरा एवं अशोकनगर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय समाजसेवियों व समाजबंधुओं ने मिठाइयाँ बाँटकर और आतिशबाजी कर एक-दूसरे को बधाइयां दीं।



## चंदेरी महोत्सव में वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा...

# चंदेरी कला, इतिहास और पर्यटन की नगरी है इसके गौरव को बनाकर रखने का प्रयास करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





चन्देरी महोत्सव के शुभारंभ समारोह में वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव ने कहा कि चन्देरी कला, आध्यात्म, इतिहास और पर्यटन की नगरी है। हर समय हर युग में हमें आर्कषित करती है। चन्देरी का पूर्व नाम चेदुपुरी रहा है इसका संबंध भगवान श्री कृष्ण से है और राजा शिशुपाल का नाम भी इस चन्देरी से जुडा है। तकनीक के माध्यम से मैं आपसे जुड़ा हूं लेकिन मैं मानकर चलता हूं कि चन्देरी में आप सब के बीच में ही हूं। मैं विश्व प्रसिद्ध हैण्डलूम के कारण मध्यप्रदेश को गौरव प्रदान करने वाला है। चन्देरी ईको रिट्रीट महोत्सव का शुभारंभ हमारे लिए गौरव और गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशीं, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय सिंह यादव के साथ आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

### चन्देरी को देख कर न जाएं महसूस करके जाएंः सिंधिया

इस मौके पर चन्देरी ईको रिट्रीट महोत्सव का केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर आदित्य सिंह भी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि चन्देरी महोत्सव आगे बढ़ता जाए, जो मेहमान यहां आए हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं। चन्देरी एक ऐसा भव्य नगर है जिसे देखा नहीं जाता इसे महसूस किया जाता है। आप यहां आए हैं तो इसे महसूस करके जाना। यहां की जनता का लाड़ प्यार स्वीकार करना। ज्ञात हो कि इस आयोजन को लेकर कटी घाटी के पास टेंट सिटी बनाई गई है। यहां यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।



### 29 कंपनियां ले रही हैं भाग, 3 दिसबंर तक चलेगा आयोजन

एमपीआइडीसी के माध्यम से यह 5 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें 29 कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के पदाधिकारी इस आयोजन में शामिल हुए हैं। 28 नबंवर को हस्त शिल्प पर फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया गया। 29 नबंवर को कंपनीयां अपनी-अपनी जानकारी प्रदान करेंगीं। 30 नबंवर को लोकल गतिविधियां आयोजित होगीं जिसमें मीडिया और प्रशासन के लोग शामिल होगें, खेल कूंद की गतिविधियां भी आयोजित की जाएगीं। जिसे आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 01 दिसंबर को संस्कृति विभाग के द्वारा नृत्य की सामुहिक प्रस्तुती प्रदान की जाएगी। 2 दिसंबर को कविता सेठ गायिका अपनी प्रस्तुती प्रदान करेंगी और 3 दिसंबर को भी अंतिम दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### एसआईआर के संबंध में बहुजन समाज पार्टी ने रखी बैठक



**अशोकनगर।** गुरुवार को एसआईआर के संबंध में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिलीप बौद्ध, विधानसभा प्रभारी अध्यक्ष भानु अहिरवार, नईसराय एवं बहुजन पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल देलवर, जिला अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश अहिरवार, जिला प्रभारी दामोदर प्रसाद अहिरवार, टी.आर. भंडारी मुन्नालाल पचबाउडी एवं नईसराय सर्किल नंबर एक के समस्त बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुए। प्रदेश प्रभारी ने कहा किसी भी व्यक्ति का नाम एस आई आर में नहीं छूटे एवं ना ही गलत जुड़े व 6 दिसंबर को शिवपुरी में बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस मनाया जाएगा इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे बैठक में बड़ी संख्या में नई सराय तहसील क्षेत्र के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए।

## स्वरोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 107 से अधिक युवाओं को दिए ऑफर लेटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला व्यापार व उद्योग केंद्र परिसर, अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 9 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 230 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 107 आकांक्षी युवाओं ऑफर लेटर प्रदान किया गया। युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

**विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को मौके पर ही किया गया हितलाभ वितरण** कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 123 हितग्राहियो को 4 करोड़ 89 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण ऑनलाइन कराया किया गया, इस दौरान अतिथियों द्वारा टोकन स्वरूप जिसमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों नथन सिंह को रिटेल ट्रेड के लिए 2.88 लाख एवं अभिषेक को रिटेल ट्रेड के लिए 10.00 लाख,पी एम एफ एम ई योजना के अंकुर पलिया को 9.90 लाख, हरभजन संधू को 8.50 लाख टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के ऊषा बाई को किराना दुकान के लिए 80 हजार, चयन सिंह सहरिया को किराना दुकान के लिए 80 हजार, विमुक्त घुम्मंतु स्वरोजगार योजना के रवि बंजारा को सेंडिंग कार्य के लिए 1.00लाख, शारदबाई बंजारा को किराना दुकान के लिए 80 हजार ,डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याणी योजना के मांगीलाल अहिरवार को 99000 की राशि के स्वीकृति पत्र देकर मौके पर ही हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

## सिंधिया ने खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

### लाइन में लगे किसानों से मिलकर की बात बातचीत, जानी व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्र में डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों की बढ़ती चिंताओं के बीच आज अपने प्रवास के दौरान अचानक अशोकनगर जिले के ईसागढ़ के नईसराय स्थित खाद वितरण केंद्र पर पहुँचे। सिंधिया ने मौके पर पहुँचकर स्टॉक, सप्लाई और वितरण व्यवस्था का पूरा मूल्यांकन किया ताकि किसी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार में अन्नदाताओं को पूरी खाद सप्लाई मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और धीरे धीरे शेष बचे लोगों को भी शीघ्र खाद मुहैया कराई जाएगी।

### डीएपी खाद का स्वयं किया निरीक्षण, किसानों से सीधे संवाद

निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने केंद्र पर उपलब्ध डीएपी के बैगों की स्वयं जांच की और किसानों को दिए जा रहे बैगों की मात्रा व गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वितरण रजिस्टर, पीओएस मशीन से किसानों को किए जा रहे आवंटन और स्टॉक की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और खाद वितरण में आ रही कठिनाइयों को जाना। किसानों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उन्हें असुविधा हो, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। मैं यह सुनिश्चित करने आया हूँ कि खाद की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की बाधा न रहे और हर किसान को समय पर उसका हक मिले।

### सप्लाई चेन की जमीनी समीक्षा अधिकारियों को तत्काल निर्देश

सिंधिया ने संपूर्ण वितरण प्रक्रिया की जाँच की, जिसमें वर्तमान स्टॉक, आगामी सप्लाई, ट्रकों की अनलोडिंग, टोकन वितरण, लाइन प्रबंधन और किसानों तक खाद पहुँचाने की गति के सभी पहलुओं का उन्होंने मौके पर मूल्यांकन किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग और वितरण एजेंसियों को यह निर्देश दिया कि खाद उपलब्धता पर चैबीसों घंटे निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की देरी या अव्यवस्था को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद वितरण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों की सुविधा ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सिंधिया ने किसानों को पर्याप्त सप्लाई का आश्वासन दिया

निरीक्षण के बाद मंत्री सिंधिया ने कहा कि सरकार वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है। किसानों को अनावश्यक रूप से लंबी कतारों में न लगना पड़े, इसके लिए भी अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं। किसानों ने केन्द्रीय मंत्री के सीधे हस्तक्षेप पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि निरीक्षण के बाद व्यवस्था में तेजी आई है।सिंधिया ने कहा कि मेरे लिए सबसे पहली प्राथमिकता मेरे किसान हैं। खेती से जुड़ी किसी भी समस्या के हल में देरी नहीं होगी। खाद, बीज, सिंचाई या फसल, किसी भी स्तर पर यदि कठिनाई आती है, तो मैं स्वयं मैदान में आकर उसका समाधान सुनिश्चित करता हूँ। क्षेत्र का विकास तब ही संभव है जब किसान मजबूत हों। केन्द्रीय मंत्री के इस औचक निरीक्षण से किसानों में राहत और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

## पिता ने साबरमती ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कराया था अब पुत्र से महू प्रयागराज ट्रेन का मार्ग परिवर्तित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों गुना जिले के दौरे पर हैं। अशोकनगर में इन्दौर के लिए न होने का मुदद्दा बड़ा बनता जा रहा है। ऐसे में अब सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की गई है कि वह पिता की तरह एक उदाहरण पेश करते हुए इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएं और महूं अंबेडकर नगर से प्रयागराज को जाने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर इसे शाजापुर,गुना,अशोकनगर बीना के रास्ते चलाएं।

### पिता माधवराव सिंधिया ने पहली एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी थी

भाजपा नेता सुरेन्द्र मलावनी ने बताया कि 1986 में जब कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधिया रेल मंत्री थे तब उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस जो मक्सी से भोपाल होकर बीना के रास्ते जाती थी उसका मार्ग परिवर्तन कर गुना अशोकनगर के रास्ते चलाया था तब यह एक बड़ा परिवर्तन किया गया था। उस समय रेल अधिकारियों ने पल्ला झाड़ने का प्रयास किया था और कहा था कि अगर इसे गुना मक्सी लाईन पर चलाया गया तो ट्रेक कमजोर होने से ट्रेन गिर सकती है। तब माधवराव सिंधिया ने कहा था कि आप ट्रेन चलाएं अगर ऐसी कोई घटना होगी तो मैं जिम्मेदारी लेने तैयार हूं। तब पहली बार इस ट्रेक पर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभांरभ हुआ था। जो वर्तमान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता ने पूरा कर दिखाया था।

### पुत्र से भी एक्सप्रेस ट्रेन को पिता के निर्णय की तरह चलाए जाने की मांग

सुरेन्द्र मलावनी ने कहा है कि उसी अनुसार जन भावनाओं के अनुरूप अब उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की गई है कि डॉ अंबेडकर नगर (महू) से प्रयागराज को जाने वाली ट्रेन 14115/14116 का मार्ग मक्सी से भोपाल, बीना के रास्ते न चलाते हुए परिवर्तन कर इस ट्रेन को मक्सी से शाजापुर, ब्यावरा, गुना, अशोकनगर ,बीना के रास्ते ललितपुर, खजुराहो ,प्रयागराज के लिए चलाया जाए। इससे इंदौर ट्रेन की मांग भी पूरी होगी और प्रयागराज भी जाने में सुविधा मिलेगी। गुना अशोकनगर संसदीय क्षेत्र इंदौर से भी अछूता है और प्रयागराज से भी नहीं जुड़ा है। यह ट्रेन यहां के लिए लाइफ लाइन साबित होगी। गुना अशोकनगर, शाजापुर, राजगढ़ जिले के लाखों नागरिक इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं कब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इसकी घोषणा करें।

## प्रशिक्षण केंद्र की भूमि का मौका मुआयना किया

**अशोकनगर।** गुरूवार को भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण केन्द्र की भूमि का जिले के अध्यक्ष मनोज जैन जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह संन्धु जिला हैड क़्वार्टर कमिश्नर अबधेश शर्मा ने स्थल पर पहुंच कर जमीन का मौका मुआयना किया। गत दिवस भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के दिन कलेक्टर से भी प्रशिक्षण केन्द्र के उन्नयन के सबंध में चर्चा हुई थीं। भारत स्काउट के जिला कमिशनर चन्द्रशेखर सिसोदिया जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर से भी इस प्रशिक्षण केन्द्र के संबंध में शीघ्र चर्चा कर इसके उन्नयन की रूप रेखा तैयार की जावेगी।



## थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए सुधासागर महाराज ने कहा...

# संकट की घड़ी में कैसे मुस्कराना है यह कला जैन दर्शन सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के निर्यापकाचार्य मुनि श्रीसुधासागर जी महाराज ने थूवोन जी में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कैसे मुस्कराना है यह कला जैन दर्शन सिखाता है जैन दर्शन ऐसी कलां सिखाता हैं कि मरते समय भी लोग खुशी मनाते हैं। जैन दर्शन कहता है कि अच्छी तरह से मरो समाधि रस्तू सारी दुनिया कह रही है हे महाराज बचाओ यहां कह जा रहा है जैन दर्शन में अब्रति को धर्म लाभ का आशीर्वाद दिया जाता है।

उन्होने कहा कि विनोबा भावे की भावना थी कि महावीर स्वामी की तरह समाधि पूर्वक इस देह को छोड़ना है उनकी बहुत प्रवल भावना थी और उन्होंने समाधि धारणा कर ली। तब भारत की तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विनोबा भावे के पास पहुंचकर उनसे दवा लेने को कहते हुए कहा कि आप बच सकते हैं तब विनोबा भावे कहते हैं कि मेरे और भगवान के बीच दवा और दवाव की जरूरत नहीं है और उन्होंने भगवान महावीर के निर्वाण दिवस पर हंसते हुए अपना शरीर छोड़ा, यह कहलाती है भावना। कहते हैं भव नाशनी होती है।

कुछ अधिक प्रकृति ने आपको दिया है जिससे आप अपनी जिंदगी अच्छी बना लें

उन्होंने कहा कि कुछ अधिक प्रकृति ने आपको दिया है जिससे आप अपनी जिंदगी अच्छी बना ले। यहा तक कि आप अपना मरण भी अच्छी तरह से कर सकें, गुरु आपकी जिंदगी अच्छी नहीं बना सकते आपको अच्छी जिंदगी जीने की राह बता सकते हैं। लोगों ने भ्रम पाल लिया कि हम जहां जायेंगे वहां संकट दूर हो जायेगा। दुनिया में आपको कोई संकट दे ही नहीं सकता, न ही कोई संकट दूर कर सकता है। यह ध्रुव सत्य मानना कि मेरी जिंदगी को संकट में नहीं डाल सकता कहीं संकट दूर करने का बोर्ड लगा लेते हैं कहीं मनसा पूरण का बोर्ड लगा लेते हैं। पूर्व में जो कर्म किया है उसका फल प्रत्यक्ष में देखने में आ रहा है। सारी दुनिया कहती हैं कि भगवान तुम्हें सुखी बना सकता है। भगवान तुम्हें दुखी बना सकता है। जैन दर्शन कहता है कि आपको कोई सुखी दुखी नहीं बना सकता, जब ऐसी घोषणा हुई तो लोगों ने जैन दर्शन को आउट कर दिया मात्र एक ही कारण है कि जिन भगवान कुछ लेते देते नहीं हैं इसलिए सब दूर हो गये।

**असीम क्रालीन भक्तावर से जुड़कर अपने धर्म राष्ट्र सेवा में लगे** इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने इस तीर्थ क्षेत्र पर असीम क्रालीन भक्तावर महा मंडल विधान प्रारंभ करा दिया है। इस विधान में भाग लेने वाले परिवार को एक चांदी की मुद्रा एवं एक चांदी का नंद्यावर्त कमेटी द्वारा स्मृति स्वरूप भेंट किया जायेगा। जिसे आप अपने बाद अपने वच्चो को वसियत में दे सकेंगे। यदि आपने तीर्थ क्षेत्र में पचास वर्षों के जीवन काल में पचास विधान किए तो कमेटी आपको पचास चांदी की मुद्रा एवं नंद्यावर्त भेंट करेगी। जो आप अपने बेटे बेटीयों को वसियत के रूप में छोड़ कर जायेंगे। इसके साथ ही रहने रुकने व भोजन एवं द्रव्य की व्यवस्था कमेटी एक बार की राशि में हमेशा देती रहेगी। इस योजना से जोड़ने का उद्देश्य मात्र तीर्थ क्षेत्र की भूमि पर आपके आगमन को लेकर किया गया है।

## जिला पंचायत ने जारी किया आदेश, वित्तीय अनियमिताओं के चलते कार्रवाई

# 4 पूर्व सरपंच 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायतों में बगैर निर्माण करे राशि का आहरण सहित अन्य लापरवाहियों एवं अनियमिताओं के मामले नए नहीं है। ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार पंचायतों के विकास कार्यों के लिए आई राशि तो निकाल लिया करते हैं लेकिन मौके पर कोई काम नजर नहीं आता।

जिले की ऐसी ही चार ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न कार्यों के लिए आई राशि तो आहरित कर ली लेकिन कार्य नहीं करवाया। बाद में जिला पंचायत ने उन्हें वसूली या कार्य करवाने के नोटिस प्रदान किए। ग्राम पंचायतों ने बाद में कार्य करवाया वहीं एक पंचायत द्वारा वसूली राशि भी जमा करवा दी गई। लेकिन, उक्त कार्य तब किया गया जहां वित्तीय अनियमितता उजागर हो चुकी थी। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने जिले की जीरापुर जनपद की ग्राम पंचायत घोघटपुर, झाड़मऊ, तमोलिया एवं खिलचीपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत अभयपुर के चार पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत उक्त कार्यवाही की गई है।

### ये हैं इन चारों ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंच

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार घोघटपुर की पूर्व सरपंच सावित्रीबाई, झाडमऊ के पूर्व सरपंच गजपाल सिंह, तमोलिया ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच बल्लभबाई एवं ग्राम पंचायत अभयपुर के पूर्व सरपंच बीरमसिंह शामिल हैं।

### किस सरपंच ने कितनी राशि निकाली


जीरापुर की घोघटपुर पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए आए 6 लाख रुपए, झाड़मऊ पंचायत में गौशाला एवं एप्रोच निर्माण की राशि 10 लाख 38 हजार, तमोलिया पंचायत में सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के लिए आए 3 लाख 25 हजार एवं अभयपुर पंचायत में सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक कूप हेतु आई 2 लाख रूपए की राशि पूर्व सरपंचों द्वारा आहरित कर ली गई थी लेकिन कार्य नहीं कराया गया।

बाद में जिला पंचायत ने उक्त पंचायतों को वसूली के नाटिस प्रदान किए जिसके उपरान्त अभयपुर सरपंच द्वारा 2 लाख रुपए राशि जमा करवा दी गई वहीं अन्य सरपंचों ने राशि जमा न करवाते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिए। चूंकि, वित्तीय अनियमिता तो साबित हो चुकी थी ऐसे में उक्त चारों सरपंचों को अब मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 वर्ष के लिए निरर्हर (चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य) घोषित किया गया है।

## पीड़िता ने न्याय के लिए सीएम से लगाई गुहार

# आत्महत्या की कोशिश के कारणों की जांच व आया के पद पर पुनः नियुक्ति की मांग

**ब्यावरा।** 3 अगस्त को सिग्मा इंफोटेक आउटसोर्स कंपनी द्वारा पीड़िता को मानसिक प्रताड़ना व तनाव के चलते आत्महत्या करने की कोशिश की थी जिसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर, सिविल सर्जन व सीएमएचओ से की गई। जिसकी जांच का आश्वासन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक उसकी जांच नहीं हो पाई और दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह के आरोप को आधार बनाते हुए पीड़िता रीना बामनिया ने एक शिकायती आवेदन मुख्यमंत्री को दिया है। जिसमें सिग्मा कंपनी के तात्कालीन सुपरवाइजर उदयसिंह व संतोष सिंह को इस बात के लिए


सेवा मे,
श्रीमान मुख्यमंत्री ...
म.प्र. शासन भोपाल
विषय— आवेदिका को प्रताड़ित कर जातिवाद कर एवं उदयसिंह राजपूत द्वारा प्रताड़ित कर परेशान जिला चिकित्सालय से हटाया गया एवं पुनः लगाया गया।
महोदय,
श्रीमानजी से विनम्र निवेदन है कि मैं रीना बामनिया पति महेश बामनिया जाति चमार निवासी वार्ड न. 04 तहसील व जिला राजगढ़ जिला चिकित्सालय में ट्रामा सेंटर में सिग्मा कंपनी ठेका हुआ जब से उदयसिंह राजपूत का प्रभारी बनाया गया तब से मुझे बहुत प्रताड़ित व परेशान किया गया। वर्ष 2021 में मैं ट्रामा सेंटर H.D.U वार्ड में आया के पद कार्यरत थी। परंतु तब सिग्मा कंपनी के प्रभारी उदयसिंह राजपूत व संतोष सिंह राणावत द्वारा मुझ गरीब दलित महिला को जातिवाद किया गया एवं पहले 6 घंटे की ड्यूटी करती थी उसमें 12 घंटे की ड्यूटी करवायी गयी। मैं सपोर्ट स्टॉफ के पद पर थी मुझे गार्ड बनाया गया। यहां तक की महीने में 4 अवकाश मिलते थे वो भी नही दिये गये एवं अवर टाईम का पैसा भी नही दिया जाता था। मैंने शिकायत करने की कोशिश की तो मुझे भी उदयसिंह राजपूत एवं संतोष राणावत द्वारा डराया धमकाया गया कि तुम भी हमारी शिकायत कर दो हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता तथा वार्ड प्रभारी नर्सो को डरा धमकाकर मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगवायें। मुझ रीना बामनिया जो कि H.D.U वार्ड में आया के पद पर कार्यरत थी। उसे झूठे आरोप लगाकर उदयसिंह राजपूत के किसी महिला रिश्तेदार को इन्होंने H.D.U वार्ड में लगवाया। मैं आया के पद पर कार्यरत थी मुझ महिला को बहुत प्रताड़ित किया गया जिससे परेशान होकर मुझ महिला प्रार्थी द्वारा आत्महत्या करने की गयी और मुझे भी इसी प्रकार डरा धमकाकर जातिवाद करके हटाया गया। मैंने कई बार मुख्य स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी राजगढ़, कलेक्टर महोदय राजगढ़, सिविल सर्जन राजगढ़ का लिखित शिकायत कर अवगत कराया व मेरे आत्महत्या करने की कोशिश करने का आदेश मुख्य स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ द्वारा जारी किया गया था परंतु आज दिनांक तक कोई जांच नही की गयी।
अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि हम सभी गरीब दलित महिलाये है तथा मेहनत कर हमारे परिवार का भरण पोषण कर रहे है। आपसे नम्र अनुरोध है कि जिला चिकित्सालय राजगढ़ में कार्य करने के लिये पुनः लगाया जाये एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही कर मुझे न्याय दिलवाया जाये।
दिनांक ..........
स्थान—राजगढ़
आवेदिका
रीना बामनिया पति महेश बामनिया
निवासी— वार्ड न. 04 राजगढ़
तहसील व जिला राजगढ़(ब्यावरा)
मो.न.—9425944470
04/11/2025
आवक लिपिक
मुख्यमंत्री कार्यालय

जिम्मेदार बताया गया है कि उन्होंने ही आया के पद पर होने के बाद भी 12-12 घंटे काम करवाया और महीने में अवकाश तक नहीं दिए गए थे। ऐसे में रीना ने मुख्यमंत्री से गुजारिश की है कि वह उन्हें न्याय दिलाते हुए पुनः आया के पद पर नियुक्ति करवाने व दोषियों पर कार्रवाई करने में मदद करें जिससे हम अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

### उदयसिंह बोले - पुलिस में बयान हो गए हैं

वहीं जब मामले को लेकर तात्कालीन कंपनी के सुपरवाइजर उदयसिंह से बात की गई तो उन्होंने बोला है कि मामले में जांच हो रही है और मेरे बयान पुलिस में हो गए हैं। कंपनी कभी भी किसी को मानसिक प्रताड़ित नहीं किया और न ही मैंने सारे आरोप झूठे व असत्य हैं उनका कोई आधार नहीं है।

## मटन मार्केट हटाने के लिए वार्डवासियों ने दिया ज्ञापन

*__माचलपुर।__ नगर के वार्ड क्रामंक 15 आवास कॉलोनी में रहवासी बस्ती में संचालित मटन मार्केट जिसके कारण वहां रहने वाले को लोगो को परेशानियों का लगातार सामना करना पड़ता है इस मार्केट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग लगातार वार्ड के निवासियों द्वारा लगातार की जा रही है। लगातार इसे हटाने मांग के बावजूद भी इसे मार्केट को हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है! ज्ञापन में कहा गया है की अगर आठ दिनों में इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में नगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद गुर्जर दयाराम राठौर, राधेश्याम गुर्जर, रवि राठौर, लालचंद कुम्हार,पप्पू ठाकुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।*

## पुलिस के हस्तक्षेप के बाद खुला ताला, सफाईकर्मी बैठे हड़ताल पर

# सफाईकर्मियों ने नपा में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



दो माह से वेतन न मिलने से नाराज नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी सफाईकर्मियों का धैर्य गुरुवार को टूट गया। कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में ताला लगाकर विरोध जताते हुए अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीनों से वेतन भुगतान नहीं किया गया, जिससे परिवार के भरण-पोषण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में उन्होंने ताला डालकर काम बंद करने का निर्णय लिया। प्राप्त ज्ञापन के अनुसार सफाईकर्मियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बताया कि दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कई कर्मचारी परिवार चलाने, बच्चों की पढ़ाई तथा रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक उग्र किया जाएगा। ताला लगाए जाने की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन और थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची तथा कर्मचारियों से चर्चा कर समझाइश दी। वहीं सीएमओ ज्योति सुनेरे ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका में 25 लाख की चुंगी आती है जबकि कर्मचारियों का वेतन 55 लाख तक पहुँचता है।

## विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ के निर्देश

# 5 उपयंत्री व 2 सहायक यंत्रियों का तीन दिवस का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में सभी जनपदों के सहायक यंत्री, उपयंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 'एक बगिया मां के नाम' योजना में कम प्रगति नजर आने पर खिलचीपुर जनपद के तीन उपयंत्रियों एवं एक सहायक यंत्री का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने प्रदान किए।

इस तरह उक्त योजना में लापरवाही पर नरसिंहगढ़ जनपद के भी एक सहायक यंत्री एवं दो उपयंत्रियों का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ गढ़पाले द्वारा मनरेगा योजनाओं, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जा रही थी।



### 1 दिसंबर से सार्थक एप पर उपस्थिति अनिवार्य

उक्त समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने सभी जनपद कार्यालयों के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, इंजीनियरों के लिए आगामी 1 दिसंबर से रजिस्टर की बजाय सार्थक एप पर ही अपनी अटेंडेंस लगाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए हैं। कईं बार देखने में आया कि जनपदों के कर्मचारी फील्ड में रहने का बहाना बनाकर या अगले दिवसों में आकर रजिस्टरों में उपस्थिति दर्ज कर दिया करते थे। ऐसे में जनपदों से जुड़े सभी अमले को सार्थक एप पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।


# छात्रों ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण



**तलेन।** इकलेरा हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने में एसबीएस प्राइवेट आईटीआई तलेन का भ्रमण किया व आईटीआई में लिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त करी छात्रों ने पजप करने के बाद किस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं इसकी जानकारी दी गई। छात्रों के साथ स्कूल की प्राचार्य प्रियंका बिझानी शिक्षक रविन्द्र सेन विनोद कुमार दयाराम लववंशी भी साथ रहे एसबीएस आईटीआई के संचालक नंदकिशोर यादव व शिक्षक अंकित शर्मा, शाहरुख मंसूरी द्वारा सभी छात्रों को आईटीआई में करियर संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## निरीक्षण के लिए विक्की अमेरिका जाएंगे

# बीना रिफाइनरी की पुरानी कंट्रोल यूनिट बदलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बीना रिफाइनरी में तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। रिफाइनरी की करीब 16 साल पुरानी कंट्रोल यूनिट को बदलकर अत्याधुनिक नई कंट्रोल यूनिट स्थापित की जा रही है। इस यूनिट का परीक्षण, गुणवत्ता जांच और तकनीकी निरीक्षण करने के लिए ब्यावरा निवासी विक्की खस 29 नवंबर को अमेरिका रवाना होंगे।

विक्की खस मूल रूप से ब्यावरा के निवासी और वरिष्ठ पत्रकार कमल खस के अनुज भ्राता हैं। वे वर्तमान में भारत पेट्रोलियम की बीना रिफाइनरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। रिफाइनरी के संचालन, नियंत्रण व्यवस्था और तकनीकी प्रबंधन में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चयनित किया गया है। विक्की अमेरिका के शिकागो शहर स्थित तकनीकी सेंटर में पहुंचकर नई कंट्रोल यूनिट का विस्तृत निरीक्षण करेंगे। यह यूनिट इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वे यूनिट की कार्य क्षमता, सेफ्टी पैरामीटर, कंट्रोल सिस्टम रिस्पॉन्स, ऑटोमेशन टेस्टिंग और विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण करेंगे। सभी परीक्षण सफल होने के बाद इस यूनिट को भारत भेजा जाएगा और बीना रिफाइनरी में स्थापित किया जाएगा। विक्की खस ने बताया कि नई कंट्रोल यूनिट के आने से रिफाइनरी की कार्य क्षमता, सुरक्षा और उत्पादन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## घुरेल पहाड़ी पर पशुपतिनाथ महादेव का मंदिर बनेगा

# नवीन मंदिर निर्माण कार्य का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

**ब्यावरा।** विधानसभा क्षेत्र की पावन घुरेल पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के नवीन मंदिर निर्माण कार्य का शुभ भूमि पूजन श्रद्धा और भक्ति के पवित्र वातावरण में सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री नारायण सिंह पंवार रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से पूजन कर मंदिर निर्माण की शुरुआत की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने निर्माणकर्ताओं से कहा कि घुरेल पहाड़ी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। ब्यावरा विधानसभा ही नहीं, आसपास के जिलों के नागरिक भी यहां गहरी श्रद्धा से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन करने आते हैं। इसलिए यह मंदिर ऐसा बने जो सबकी श्रद्धा को पूर्णता दे और क्षेत्र की पहचान बने।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान का मंदिर बनाने का सौभाग्य उनकी प्रेरणा से ही मिलता है। हम सभी सिर्फ एक निमित्त हैं वास्तविक कार्य तो उनकी इच्छा से ही



पूर्ण होता है। मंदिर निर्माण किसी सामान्य कार्य की तरह नहीं, बल्कि अत्यंत पुण्य और दिव्य कार्य है। उन्होंने स्थानीय समिति, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से घुरेल पहाड़ी पर बनने वाला यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास, पर्यटन और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा।

## उद्बबोधन को कांट-छांटकर प्रस्तुत किया

# आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में उतरी अजाक्स, सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** ब्रहामण समाज की बेटियों के लिए कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में भत्र्सना झेल रहे आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में अजाक्स संगठन सामने आया है। अजाक्स संगठन के कईं जिला पदाधिकारियों ने शुक्रवार शाम कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 23 नवंबर को भोपाल में आयोजित संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा ने सामाजिक समरसता, सद्भाव, जातिवाद उन्मूलन संबंधी 27 मिनट का उद्बबोधन दिया था। अगर उक्त संबोधन को पूरा सुना या देखा जाए तो यह रोटी-बेटी के संबंधों पर आधारित एवं जात-पात से ऊपर उठकर मानवता एवं संविधान को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। लेकिन, कुछ समाज विरोधी तत्वों द्वारा उक्त 27 मिनट के भाषण में से महज 07 सेकंड की वीडियो क्लिप बनाकर भ्रामक तरीके से सामाजिक वैमनस्य फैलाने हेतु प्रसारित एवं प्रचारित कर दिया गया।

# सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाईस्कूल में स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सेंट जॉर्ज कॉनवेंट हाईस्कूल में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन धर्मप्रान्त के बिशप डॉ. स्वास्टीन वडक्कल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में खेल एवं अनुशासन के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब हम हार-जीत को सहज स्वीकारते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता सीखने का अवसर देती है तथा हार अगले प्रयास को और श्रेष्ठ बनाती है। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड की धुनों पर गरिमा के साथ हुई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को आनंदमय बना दिया।

## माचलपुर के राजपुरा से सटे गांवों में लोग दहशत में जीने को मजबूर

# 15 दिन से बाघ की मूवमेंट पर नहीं जागा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पिछले 15 दिनों से माचलपुर के राजपुरा, फिरोजपुरा, घाटाखेड़ी, रांगडा (राजस्थान) व आसपास के गांवों में बाघ की मूवमेंट के चलते लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। राजपुरा गांव के सरपंच शिवसिंह गुर्जर ने बताया की पिछले 15 दिनों से खेतों में व आसपास जंगल में बाघ देखा जा रहा है जिसने कई हिरणों व नीलगायों का शिकार की किया है। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को भी दी परंतु विभाग ने दिलचस्पी न लेते हुए गा्रमवासियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया। चूंकी सभी गांव राजस्थान की सीमा से चंद मीटर की दूरी पर ही है शायद वन विभाग इसी को आधार बनाकर ग्रामीणों को अपने हाल पर छोड़ गए नहीं तो बाघ की सूचना मिलने पर उसे पकड़ने की पहल क्यों नहीं की गई।




### नहीं कर पा रहे अपनी फसलें

राजपुरा व आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि हम बाघ के डर के कारण अपने खेतों पर नहीं जा पर रहे। अभी पानी व खाद देने का समय है परंतु हम लोग खेतों पर नही जा रहें हैं साथ ही अपने दुधारू जानवर भी बाहर निकालने में डर लग रहा है।

### रात में ग्रामीणों ने निकलना किया बंद

ग्रामीण बताते हैं कि हमने एहतियात के तौर पर रात में निकलना बंद कर दिया है क्योंकि बाघ का कोई ठिकाना समझ ही नहीं आ रहा की वह कब कहां घटना घटित कर दे।

**इनका कहना है...**

पहले डिप्टी रेंजर जाए और हमें सूचना दें तब हम जाएंगे। हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

**डीके भिलाला, उड़नदस्ता प्रभारी**

हमें सूचना प्राप्त हुई थी और हमने सर्च भी करवाया परंतु बाघ के मूवमेंट के निशान नहीं मिले फिर भी हमारे वीट प्रभारी बाघ होने की पुष्टि करने पूरी नजर बनाए हुए हैं।

**शिवकुमार चौहान**
**रेंजर वन विभाग**

# समता परिषद ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि



**सारंगपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक होने के साथ-साथ महिला शिक्षा एवं सामाजिक सुधारो के पक्षधर थे उन्होंने समाज को नई दिशा देने एवं प्रगतिशील चिंतक होने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते हुए समाज में सामाजिक समरसता का काम किया उन्होंने अस्पृश्यता, शोषण व भेदभाव के विरुद्ध हमेशा संघर्ष किया। यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को नया बस स्टैंड स्थित महात्मा फुले प्रतिमा स्थल पर आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहीं कार्यक्रम को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर धुरव भल्ला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया समाजसेवी खुशी लाल पुष्पद पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम बागवान महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को विस्तार से बताया। सभी अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अन्य लोग मौजूद थे।